Sir Arthur Conan Doyle's

SHERLOCK HOLMES
शरलॉक होम्स

THE RED-HEADED LEAGUE
लाल-बाल वालों का संघ

आशा श्रीवास्तव

Sir Arthur Conan Doyle's

Sherlock Holmes

शरलॉक होम्स

The Red-Headed League

लाल-बाल वालों का संघ

हिंदी लेखन

आशा श्रीवास्तव

सह-लेखन और संपादन

आलोक श्रीवास्तव

सह-लेखन एवं कवर आर्ट

आदित्य श्रीवास्तव

चित्र

सिडनी पेजिट

THE RED-HEADED LEAGUE

लाल-बाल वालों का संघ

बीते वर्ष की शरद् ऋतु में एक दिन, मैं अपने मित्र शरलॉक होम्स को आमंत्रित करने गया था और वहां मैंने देखा कि वह एक बहुत ही तगड़े, गुलाबी चेहरे वाले, आग के समान लाल बाल वाले अधेड़ सज्जन के साथ गहरी बातचीत में व्यस्त था। अपने हस्तक्षेप के लिए क्षमा मांगते हुए मैं वापस जाने ही वाला था कि अचानक ही होम्स ने मुझे कमरे के अंदर खींच लिया और मेरे पीछे दरवाजे को बंद कर दिया।

"मेरे प्यारे वॉटसन, सम्भवतः इससे बेहतर समय पर तुम नहीं आ सकते थे।" उसने आत्मीयता से कहा।

"मुझे लगा था कि तुम व्यस्त थे।"

"वह तो मैं हूँ। बहुत ही ज्यादा।"

"तब मैं पास वाले कमरे में प्रतीक्षा कर लेता हूँ।"

"बिलकुल नहीं। मिस्टर विल्सन, यह सज्जन मेरे सबसे सफलतम मामलों में से कइयों में मेरे साथी और सहायक रहे हैं, और मुझे कोई शक नहीं है कि आपके मामले में भी यह मेरे लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होंगे।"

वह तगड़ा आदमी अपनी कुर्सी से आधा उठा और अपनी थैलीनुमा छोटी आँखों से मुझ पर प्रश्नभरी सरसरी नजर डाली, और फिर अभिवादन करते हुए मेरे सामने झुका।

"सोफे पर बैठ जाओ।" अपनी उंगलियों के पोरों को मिलाते हुए और अपनी आरामकुर्सी में पुनः धंसते हुए होम्स ने कहा। जैसा कि समीक्षात्मक मनःस्थिति के समय करना उसकी आदत थी।

"मैं जानता हूँ, मेरे प्यारे वॉटसन, कि चलन और रोजमर्रा की जिन्दगी की नीरस दिनचर्या से भिन्न और अनोखी, हर एक चीज के लिए मेरे प्रेम को तुम मेरे साथ शेयर करते हो। इनके प्रति अपने लुफ़्त को तुमने उस उत्साह से जाहिर किया है जो तुम्हें इनका वृत्तांत लिखने के लिये प्रेरित करता है, और, यदि तुम मुझे ऐसा कहने के लिए माफ करो, तो मैं कहूँगा कि मेरे खुद के छोटे साहसिक कामों में से कइयों को तुमने कुछ हद तक नमक-मिर्च लगाया है।"

"वास्तव में तुम्हारे मामले मेरे लिए सबसे ज्यादा रुचि की चीज रहे हैं।" मैंने अपनी राय कही।

"तुम्हें याद होगा कि हाल ही में, ठीक उससे पहले जब हम मिस मैरी सदरलैण्ड की एक बहुत ही साधारण समस्या को हल करने के लिए संलग्न हुए थे, मैंने टिप्पणी की थी कि विचित्र प्रभावों और असाधारण संयोगों के लिए हमें खुद जिन्दगी में झांकना होगा, जो हमेशा ही किसी भी कल्पना की चेष्टा से बहुत अधिक निराली है।"

"इस बात पर मैंने संदेह प्रकट किया था।"

"तुमने किया था, डॉक्टर, लेकिन फिर भी तुम्हें मेरे नजरिये से सहमत होना पड़ेगा, अन्यथा तुम्हारे सामने मैं एक के बाद एक तथ्य का ढेर लगाना जारी रखूंगा जब तक कि तुम्हारा सन्देह उनके नीचे टूट नहीं जाता और तुम मेरी बात को सही मानकर स्वीकार नहीं कर लेते। अब, यहाँ मिस्टर जाबेज विल्सन ने इस सुबह मुझे आमंत्रित कर काफी अच्छा काम किया है, और जिस वर्णन को यह सुना रहे हैं उसकी शुरुआत ऐसी है जो अपने आप में बहुत ही अधिक असामान्य होने की प्रत्याशा रखती है जिसे

SP

कुछ समय के लिए मैंने सुना है। तुमने मेरी टिप्पणी सुनी है कि सबसे विचित्र और सबसे अनूठी चीजें अक्सर किसी बड़े नहीं बल्कि छोटे अपराधों से जुड़ी होती हैं, और कभी-कभी, निश्चित ही, यह संदेह पैदा होने की गुंजाइश होती है कि क्या वास्तव में कोई अपराध कारित हुआ है। जहाँ तक मैंने सुना है मेरे लिए यह कहना असम्भव है कि प्रस्तुत मामला किसी अपराध के होने का दृष्टांत है या नहीं, लेकिन निश्चित तौर पर घटनाओं के घटित होने का क्रम उन सभी घटनाओं में जिन्हें मैंने कभी सुना है उनमें सबसे ज्यादा असामान्य है। शायद, मिस्टर विल्सन, आप अपने वर्णन को फिर से आरम्भ कर एक बड़ी दयालुता कर सकते हैं। मैं आपसे ऐसा केवल इसलिए नहीं कह रहा हूँ कि मेरे मित्र डॉक्टर वॉटसन ने इसका शुरुआती हिस्सा नहीं सुना है बल्कि इसलिए भी क्योंकि कहानी की असामान्य प्रकृति ने इससे जुड़े हर सम्भव विवरण को आपके होंठों से सुनने के लिए मुझे उत्सुक बना दिया है। सामान्य रूप से, जब मैं घटनाओं के घटित होने के क्रम के बारे में कुछ हल्के संकेत सुन चुका होता हूँ, तो मैं अपनी याददाश्त में स्थित वैसे ही अन्य हजारों मामलों से खुद का मार्गदर्शन करने में समर्थ हो जाता हूँ। प्रस्तुत दृष्टांत में मैं यह बात स्वीकार करने के लिए बाध्य हूँ कि इस मामले से जुड़े जो भी तथ्य हैं, मैं पूरे यकीन से कहता हूँ, वे अद्वितीय हैं।"

उस मोटे क्लाइंट ने अपनी छाती को थोड़े गर्व के साथ बाहर की तरफ फुलाया और एक गंदे और मुड़े-तुड़े अख़बार को अपनी भारी फौजी ओवरकोट की अंदरूनी जेब से बाहर खींचकर निकाला। पेपर को अपने घुटनों पर पूरी तरह से फैलाते हुए और अपने सिर को आगे करते हुए जैसे ही उसने अपनी निगाहें नीचे विज्ञापन कॉलम पर डाली, मैंने उस आदमी पर भरपूर नजर डाली, और अपने साथी की तरह उसके पहनावे या बाहरी रूप-रंग से जाहिर हो सकने वाले संकेतों को पढ़ने की कोशिश की।

हालांकि अपने निरीक्षण से मुझे कुछ ख़ास फायदा नहीं हुआ था। हमारे आगन्तुक में एक औसत आम ब्रिटिश दुकानदार के हर लक्षण थे, जो गोल-मटोल, शेखी बघारने वाला और सुस्त होता है। उसने ढीली-ढाली स्लेटी रंग की गड़ेरियों वाली चेकदार पतलून, सामने से खुला हुआ काले रंग का फ्रॉक कोट, जो बहुत ज्यादा साफ़-सुथरा नहीं था और हल्के भूरे रंग की वेस्टकोट पहन रखी थी जिसमें पीतल की भारी अल्बर्ट चेन लगी थी, जिससे धातु का एक छोटा चौकोर छिद्रित टुकड़ा

आभूषण की तरह नीचे लटक रहा था। एक घिसी हुयी टॉप-हैट और फीका पड़ चुका भूरा ओवरकोट, जिसकी मखमली कॉलर सिकुड़ी हुयी थी, उसके समीप ही एक कुर्सी पर पड़े थे। कुल मिलाकर, जितना मैं देख सकता था, इस आदमी के बारे में कोई उल्लेखनीय बात नहीं थी सिवाय लाल आग की तरह सुलगते हुए उसके सिर के बाल, और उसके चेहरे पर आने वाली अत्यंत झुंझलाहट की अभिव्यक्ति और असंतुष्टि के हाव-भाव।

शरलॉक होम्स की तेज नजर ने मेरी गतिविधि को ताड़ लिया, और जैसे ही उसने मेरी प्रश्नवाचक दृष्टि को देखा तो एक मुसकुराहट के साथ उसने सिर हिलाया और बोला "सुस्पष्ट तथ्यों के अलावा एक समय इन्होंने शारीरिक श्रम किया है, यह कि वह नसवार लेते हैं, यह कि वह एक गुप्त संस्था के सदस्य हैं, यह कि वह चीन में रहे हैं, और यह कि हाल ही में इन्होंने काफी अधिक मात्रा में लेखन कार्य किया है, इसके अलावा मैं और कुछ निष्कर्ष नहीं निकाल सकता।"

अपनी कुर्सी पर बैठे मिस्टर जाबेज विल्सन अचानक उठ खड़े हुए उनकी तर्जनी अखबार पर थी, परन्तु उनकी आँखें मेरे साथी पर थी।

"मिस्टर होम्स, खुशकिस्मती के नाम पर, यह सब आपने कैसे जाना था?" उसने पूछा। "उदाहरण के तौर पर, आपने कैसे जाना था कि मैंने शारीरिक श्रम किया था? यह ईसा चरित जितना ही सत्य है, क्योंकि मैंने जहाज के बढ़ई के रूप में काम करना शुरू किया था।"

"मेरे प्यारे श्रीमान, आपके हाथ! आपका दायां हाथ आपके बाएं हाथ से आकार में कुछ बड़ा है। आपने इससे काम किया है, और इसकी मांसपेशियां ज्यादा विकसित हैं।"

"अच्छा, नसवार और उसके बाद गुप्त संस्था का सदस्य होने की बात?"

"आपको यह बात बताकर कि कैसे मैंने यह बात पढ़ ली मैं आपकी बुद्धिमत्ता को अपमानित नहीं करना चाहता, खासकर यह कि, आपको दिए गये आदेश के कठोर नियमों के विरुद्ध आप 'आर्क-एंड–कम्पास ब्रैस्टपिन' का इस्तेमाल करते हैं।"

"हां, निश्चित ही, यह बात मैं भूल गया था। परन्तु लेखन?"

"आपके दाहिने हाथ के कफ[1] का इतना चमकता हुआ पांच इंच का हिस्सा, और बाएं पर कुहनी के पास बना हुआ चिकना धब्बा जो बताता है कि डेस्क पर आप इसे कहाँ रखते हैं, इसके अलावा क्या और कुछ संकेत दे सकता है?"

"अच्छा, लेकिन चीन?"

"वह मछली, जिसे आपने अपनी दाहिनी कलाई के ठीक ऊपर गुदवाया है, केवल चीन में ही बनाई जा सकती है। गोदना (टैटू) चिह्नों की मैंने थोड़ी पढ़ाई की है और यहां तक कि इस विषय के साहित्य में मैंने योगदान भी किया है। इस तरीके से मछली के शल्कों को एक फीके गुलाबी रंग में रंगने की कला पूरे तौर पर चीन की ख़ास विशेषता है। इसके अतिरिक्त, जब मैं आपकी घड़ी की जंजीर से लटकता हुआ एक चीनी सिक्का देखता हूँ, तो मामला और भी ज्यादा सरल हो जाता है।"

मिस्टर जाबेज़ विल्सन बहुत जोर से हंसे। "खैर, मैंने कभी नहीं सोचा था!" उन्होंने कहा। "पहले मैंने सोचा कि आपने कोई चालाकी की थी, परन्तु अब मैं देखता हूँ कि आखिर में, ऐसा कुछ नहीं है।"

"मुझे सोचना पड़ेगा, वॉटसन!" होम्स ने कहा, "कि व्याख्या करने में मैंने एक गलती की है। 'Omne ignotum pro magnifico'[2], यह तुम जानते हो, और मेरी बेचारी छोटी सी छवि, जैसी यह है, टूटे जहाज की तरह ध्वस्त हो जायेगी यदि मैं ऐसे ही मुंहफट रहता हूँ। मिस्टर विल्सन, क्या आप वह विज्ञापन नहीं ढूंढ सकते हैं?"

---

[1] कफ(cuff)- आस्तीन पर धूल, मिट्टी लगने से बचाने के लिए कुहनी को ढंकने का आवरण जो सामान्यतया मोटे कागज का होता है।

[2] 'Omne ignotum pro magnifico'- लैटिन कहावत जिसका अर्थ है: हर अंजान चीज किसी भव्य चीज के रूप में स्वीकृत होती है।

"हां, अब यह मुझे मिल गया है, "अपनी मोटी लाल उंगली को नीचे कॉलम के बीच में टिकाये हुए उन्होंने उत्तर दिया। "यह यहाँ है। यह वह है जहाँ से सब कुछ शुरू हुआ था। आप एक नजर इसे स्वयं पढ़ लें, सर!"

मैंने उनसे अखबार लिया और निम्नलिखित के अनुसार पढ़ा-

लाल-बाल वालों के संघ के अनुसार:

लेबनान, पेनीसिल्वेनिया, संयुक्त राष्ट्रसंघ अमरीका के स्वर्गीय एजीकियाह हॉपकिंस के वसीयती दान के कारण इस समय एक अन्य रिक्ति खुली है जो संघ के एक सदस्य को पूर्णरूप से नाममात्र की सेवाओं के लिए 4 पौंड प्रति सप्ताह का हकदार बनाती है। सभी लाल-बाल वाले लोग, जो स्वस्थ मस्तिष्क और दिमाग के हों और इक्कीस वर्ष से अधिक आयु के हों, योग्य हैं। सोमवार को सुबह ग्यारह बजे व्यक्तिगत रूप से आकर डनकन रॉस से, संघ के कार्यालय, 7 पोप न्यायालय, फ्लीट स्ट्रीट पर आवेदन करें।

इस असाधारण विज्ञापन को दो बार पढ़ने के बाद मैंने हैरत से चीखते हुए कहा, "न जाने इसका क्या अर्थ है?"

होम्स दबी हुयी हंसी हंसा और अपनी कुर्सी में कुलबुलाने लगा, जब वह बहुत खुश होता तो ऐसा करना उसकी आदत में था। "यह आबादी से थोड़ा हट कर है, है कि नहीं?" उसने कहा, "और अब, मिस्टर विल्सन, खुजलन से आगे बढ़े और अपने बारे में, अपने घर के बारे में, और इस विज्ञापन से आपकी किस्मत पर पड़े प्रभाव के बारे में हमें सब कुछ बताइए। डॉक्टर, पहले तुम अखबार के नाम और तारीख के बारे में एक नोट बनाओगे।"

"यह 27 अप्रैल, 1890 का 'द मॉर्निंग क्रॉनिकल' है। केवल दो महीने पहले का।"

"बहुत अच्छा। अब, मिस्टर विल्सन?"

"मिस्टर शरलॉक होम्स, यह ठीक वैसा ही है जैसा मैं आपको बता रहा हूँ।" अपना माथा पोंछते हुए जाबेज विल्सन ने कहा, "कोबर्ग स्क्वायर में, शहर के पास, मेरा गिरवी-दलाल का छोटा-सा व्यापार है। यह कोई बहुत बड़ा कारोबार नहीं है, और हाल के वर्षों में इससे मुझे आजीविका पाने भर की ही कमाई हुई है। मैं दो सहायक रखने में समर्थ हुआ करता था, लेकिन अब मैं केवल एक ही रखता हूं। उसका[3] भुगतान करने के लिए मैं शायद ही उसे काम दे सकता था, लेकिन यह कि वह आधे पारिश्रमिक में मेरे साथ काम करने के लिए सहर्ष तैयार हो गया ताकि वह काम को सीख सके।"

"इस सहायक युवक का नाम क्या है?" शरलॉक होम्स ने पूछा।

"उसका नाम विन्सेन्ट स्पॉल्डिंग है, और वह इतना भी युवा नहीं है। उसकी उम्र को बता पाना कठिन है। मिस्टर होम्स, मैं और अधिक स्मार्ट सहायक नहीं रखना चाहूँगा। और मैं बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ कि वह अपना और भला कर सकता है और जितना मैं उसे दे पाने में समर्थ हूँ उससे दोगुना कमा सकता है। परन्तु, आखिर में, यदि वह सन्तुष्ट है तो मैं क्यों उसके दिमाग में ऐसे विचारों को डालूं?"

"अरे, वाकई? आप सबसे भाग्यशाली आदमी दिखाई देते हैं जो ऐसे व्यक्ति को नियोजित किये हुए हैं जो पूरे बाजार भाव से कम में आता है। इस युग में नियोजकों के बीच यह एक सामान्य अनुभव की बात नहीं है। मैं नहीं जानता कि आपका सहायक आपके विज्ञापन की तरह असाधारण है या नहीं।"

"ओह, उसमें खुद की कमियां भी हैं," मिस्टर विल्सन ने कहा, "फोटोग्राफी के लिए बना ऐसा आदमी कभी भी नहीं हुआ था। जिस समय उसे अपने दिमाग को विकसित करना चाहिए, वह कैमरा लेकर फोटो खींचने के लिए दूर निकल जाता है, और फिर जैसे एक खरगोश अपने बिल में घुसता है वैसे ही अपनी तस्वीरों को निकालने के लिए वह अपनी तंग कोठरी में अंदर घुस जाता है। यही उसका मुख्य

[3] सहायक का

दोष है, लेकिन कुल मिलाकर वह एक अच्छा कर्मचारी है। उसमें कोई बुरी आदत नहीं है।"

"मैं मान लूं कि वह अभी भी आपके साथ है?"

"जी, सर। वह और एक चौदह वर्ष की लड़की है, जो थोड़ा-बहुत साधारण खाना पकाने और घर की सफाई करने का काम करती है-बस इतने ही लोग मेरे घर में रहते हैं; क्योंकि मैं विधुर हूँ और मेरे पास कभी कोई परिवार नहीं था। हम शान्तिपूर्वक रहते हैं, सर, हम तीनों। और हमारे सिरों के ऊपर एक छत है और यदि हम ज्यादा कुछ नहीं कर पाते, तो अपनी बाध्यताओं को पूरा करते हैं।

"पहली चीज जिसने हमें परेशान किया था वह, यही विज्ञापन था। ठीक इसी दिन आठ सप्ताह पहले हाथ में इस अखबार को लिए हुए स्पॉल्डिंग कार्यालय में आया और कहता है:

"'मिस्टर विल्सन, मैं ईश्वर से कामना करता हूँ कि काश मैं एक लाल बालों वाला आदमी होता।'

"'ऐसा क्यों?' मैंने पूछा।

"'अरे, ' उसने कहा, 'यहाँ पर लाल बाल वाले लोगों के संघ में एक अन्य रिक्ति है। कोई भी आदमी जिसे यह (रिक्ति) मिलती है, उसके लिए इसकी कीमत काफी हद तक एक छोटी-मोटी भाग्यलक्ष्मी है, और मैं समझ सकता हूँ कि जितने तो आदमी नहीं होंगे उससे अधिक रिक्तियां होंगी, जिस वजह से ट्रस्टी अपने विवेक की सीमा पर होंगे कि वे इस धन का क्या करें। यदि सिर्फ मेरे बालों का रंग बदल जाता, तो यहाँ एक बढ़िया छोटी नौकरी मेरी नियुक्ति के लिए पूरी तरह से तैयार है।'

"'अरे, तब फिर यह क्या है?' मैंने पूछा। आप देखें, मिस्टर होम्स। मैं ज्यादातर घर पर रहने वाला आदमी हूँ, और जैसे कि मेरा काम मेरे पास आता था बजाय इसके कि मैं इसके लिए जाऊं, अकसर अपने पैर को पायदान पर रखे बगैर मैं हफ्तों लगातार

(घर पर ही) गुजार देता था, और मैं हमेशा हल्की-फुल्की खबरों को सुन कर खुश हो जाता था।

"'क्या पहले कभी आपने लाल बालों वाले लोगों के संघ के बारे में नहीं सुना है?' अपनी आँखें फैलाकर खोलते हुए उसने कहा।

"'कभी नहीं।'

"'अरे, मुझे इस बात पर हैरत है; क्योंकि आप स्वयं इन रिक्तियों में से एक के लिए उपयुक्त हैं।"

"'और उनका आर्थिक महत्व क्या है?' मैंने पूछा।

"'ओह, मात्र दो सौ पौण्ड प्रतिवर्ष, परन्तु काम मामूली है, और किसी आदमी के अन्य व्यवसायों से इसे[4] बहुत अधिक दखल की जरूरत नहीं है।"

"खैर, आप आसानी से सोच सकते हैं कि इस समाचार से मेरे कान खड़े हो गये, क्योंकि कुछ वर्षों से मेरा धंधा बहुत अच्छा नहीं चल रहा है और अतिरिक्त दो सौ मेरे हाथ में बहुत आसानी से आ सकते थे।

"'इस बारे में मुझे सब कुछ बताओ,' मैंने कहा।

"'अच्छी बात है,' विज्ञापन दिखाते हुए उसने मुझसे कहा, 'आप स्वयं देख सकते हैं कि संघ में एक रिक्ति है, और साथ में वह पता दिया गया है जहाँ विशिष्टियों के लिए आप आवेदन कर सकते हैं। जहाँ तक मैं समझ सकता हूँ, संघ की स्थापना एक अमरीकी लखपति, एजीकियाह हॉपकिंस ने की थी, जो अपने तौर-तरीकों में बहुत असामान्य था। वह स्वयं लाल बालों वाला व्यक्ति था, और उसे लाल बालों वाले सभी लोगों से बड़ी सहानुभूति थी। इसलिए जब वह मरा तो यह पाया गया कि उसने अपनी विशाल सम्पत्ति एक ट्रस्ट के हाथों में, इस निर्देश के साथ, दे दी थी कि इससे

---

[4] इस रिक्ति के काम को

प्राप्त होने वाले ब्याज को उन आदमियों के भरण-पोषण में लगाया जाय जिनके बाल जन्म से उसके बालों के रंग के जैसे हों। सभी लोगों से जितना मैंने सुना है यह एक शानदार तनख्वाह है और करने को बहुत कम काम है।'

"'लेकिन,' मैंने कहा, "लाखों की संख्या में लाल बालों वाले व्यक्ति होंगे जो आवेदन करेंगे।'

"'उतने भी नहीं जितना आप सोच रहे हैं,' उसने उत्तर दिया। 'आप देखिये यह वास्तव में लंदन के निवासियों और वयस्क हो चुके व्यक्तियों तक ही सीमित है। इस अमेरिकी ने, जब वह युवा था, लन्दन से शुरुआत की थी और बदले में वह इस पुराने शहर के लिए कुछ बढ़िया करना चाहता था। फिर, दोबारा से, मैंने यह सुना है कि यदि आपके बाल हल्के लाल, या गहरे लाल, या कैसे भी हों सिवाय वास्तविक चमक लिए, सुलगती लाल आग से, अग्निमय लाल के तो आपके आवेदन करने से कोई फायदा नहीं होगा। अब, मिस्टर विल्सन, यदि आप आवेदन करने की सोचते हैं तो आप को केवल चलना भर है। लेकिन शायद कुछ सौ पौंड पाने के लिए शहर से बाहर जाना मुश्किल से ही आपके लिए कोई महत्व रखता हो।'

"अब, यह एक तथ्य है, सज्जनों, जैसा कि आप खुद देख सकते हैं कि मेरे बाल पूरे तौर पर और शानदार ढंग से सुलगती लाल आग के रंग के हैं, जिस वजह से मुझे लगा था कि इस मामले में यदि कोई प्रतिस्पर्धा होनी भी थी, तो मेरे लिए यह एक उतना ही अच्छा मौका था जितना किसी भी अन्य आदमी के लिए जिससे पहले कभी मैं मिला था। विन्सेन्ट स्पॉल्डिंग इस बारे में बहुत ही ज्यादा जानता हुआ प्रतीत हो रहा था तो मैंने सोचा कि वह उपयोगी साबित हो सकता था, इसलिए मैंने तुरंत ही उसे आदेश दिया कि वह दिन-भर के लिए किवाड़ों को बंद कर दे और फौरन मेरे साथ चले। वह छुट्टी पाने का बड़ा इच्छुक था, इसलिए हमने काम बंद किया और उस पते पर जाने के लिए, जो हमें विज्ञापन में दिया गया था, हम निकल पड़े।

"मैं वैसा दृश्य कभी दोबारा देखने की आशा नहीं करता, मिस्टर होम्स। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से, हर आदमी जिसके बाल थोड़े से भी लाल थे उस विज्ञापन का जवाब देने के लिए पदयात्रा करते हुए शहर में आ चुका था। फ्लीट

स्ट्रीट, लाल बालों वाले लोगों से जाम हो गयी थी और पोप न्यायालय एक कोस्टर[5] के संतरे के ठेले की तरह दिखाई देता था। मैं सोच भी नहीं सकता था कि पूरे देश में इतने अधिक लाल बालों वाले लोग हो सकते थे जो उस इकलौते विज्ञापन से एक जगह पर जमा हो गये थे। रंग की हर छटा के उनके बाल थे- भूसे, नींबू, संतरे, ईंट, आयरिश-सेटर[6], जिगर, मिट्टी जैसे रंग के बाल। लेकिन जैसा स्पॉल्डिंग ने कहा था, वहां ऐसे लोग नहीं के बराबर थे जिनके बाल वास्तव में आग के समान सुलगते लाल रंग के थे। जब मैंने देखा कि कितने सारे लोग इंतज़ार कर रहे थे, तो निराश होकर मैंने इस नौकरी को पाने का विचार छोड़ दिया, लेकिन स्पॉल्डिंग ने मेरी बात न सुनी। उसने इसे कैसे किया था मैं कल्पना भी नहीं कर सकता था, परन्तु वह तब तक धक्का देता रहा और खींचता रहा और टकराता रहा जब तक कि उसने मुझे भीड़ में से निकाल नहीं लिया, और उन सीढ़ियों तक नहीं पहुँचा दिया जो सीधे संघ कार्यालय को जाती थीं। सीढ़ी पर एक दोहरा तांता लगा था, कुछ लोग आशा में ऊपर जा रहे थे और कुछ लोग हताश होकर वापस लौट रहे थे। लेकिन धक्कामुक्की करते हुए हम, लोगों की भीड़ के साथ-साथ आगे बढ़ रहे थे और शीघ्र ही हमने खुद को कार्यालय में पाया।"

जैसे ही विल्सन ने विराम लिया और एक बड़ी चुटकी नसवार लेकर अपनी याद ताजा की, उसी समय होम्स ने टिप्पणी की, "आपका अनुभव बड़ा ही दिलचस्प रहा है, कृपया अपने अतिरोचक बयान को जारी रखिये।"

"लकड़ी की कुछ कुर्सियों और देवदार की बनी एक मेज के अतिरिक्त कार्यालय में कुछ भी नहीं था, मेज के पीछे एक छोटे कद का आदमी बैठा था, जिसका सिर मेरे सिर से भी ज्यादा लाल था। करीब आते समय वह हर उम्मीदवार से कुछ शब्द कहता, और फिर वह हमेशा उनमें कोई न कोई कमी निकाल देता जो उन्हें अयोग्य ठहरा सकती थी। आखिरकार, एक रिक्ति पाना उतना आसान नहीं दिखाई देता था

---

[5] कोस्टर(coster)- सड़क पर फल-सब्जियां बेचने वाला विक्रेता।

[6] आयरिश-सेटर(Irish-setter)-शाहबलूत के रंग का लाल-भूरा रंग।

जितना कि बहुत आसानी से मिलने वाली एक डाक को पाना। फिर भी, जब हमारी बारी आई, तो वह छोटा व्यक्ति किसी भी अन्य की तुलना में मेरे लिए ज्यादा ही अनुकूल हो गया था, और जैसे ही हमने प्रवेश किया उसने दरवाजे को बंद कर दिया, ताकि वह हम लोगों से व्यक्तिगत ढंग से बातचीत कर सके।

"'यह मिस्टर जाबेज विल्सन हैं,' मेरे सहायक ने कहा, 'और वह संघ में रिक्त स्थान की आपूर्ति के लिए इच्छुक हैं।'

"'और वह प्रशंसनीय ढंग से इसके लिए उपयुक्त हैं,' दूसरे आदमी ने कहा। 'वह हर अपेक्षा पूरी करते हैं। मुझे याद नहीं पड़ता कि कब मैंने किसी चीज को इतना बढ़िया देखा है।' वह एक कदम पीछे हटा, अपने सिर को एक ओर उठाकर निकाला, और तब तक मेरे बालों को घूरता रहा जब तक कि मुझे कुछ झेंप सी महसूस नहीं होने लगी थी। फिर अचानक ही वह उछलकर आगे आ गया, मेरे हाथ को दबाया, और मेरी सफलता पर गर्मजोशी से मुझे बधाई दी।

"'हिचकिचाने से अन्याय हो सकता है,' उसने कहा। 'जो भी हो, मैं निस्संशय हूँ कि सुस्पष्ट एहतियात बरतने के लिए आप मुझे क्षमा कर देंगे।' इसके तुरंत बाद उसने अपने दोनों हाथों से मेरे बाल पकड़ लिए, और तब तक मुझे झटके से खींचता रहा जब तक कि मैं दर्द से चिल्लाने नहीं लगा। 'तुम्हारी आँखों में आँसू हैं,' मुझे छोड़ते हुए उसने कहा। 'मैं महसूस करता हूँ कि सारी चीजें वैसी ही हैं जैसा उन्हें होना चाहिए। परन्तु हमें सावधान होना पड़ता है, क्योंकि हमें दो बार विग[7] से और एक बार रंगे हुए बालों से धोखा दिया जा चुका है। मैं आपको मोची के मोम-लगाने[8] की कहानियां बता सकता हूं जिससे आपको मानव स्वभाव से नफरत हो जाएगी।' वह खिड़की के पास गया और पूरी तेज आवाज में इससे[9] चिल्लाकर बोला कि रिक्ति भर चुकी थी।

---

[7] विग(wig)- कृत्रिम बाल जिन्हें सिर पर लगाया जाता है।

[8] मधुमक्खी के मोम का प्रयोग चीजों को चमकाने, रंगने और परत चढ़ाने के लिए किया जाता है।

[9] खिड़की से

नीचे से निराशा की एक आह उठ कर ऊपर आई थी, और आये हुए लोग अलग-अलग दिशाओं में तब तक जाते रहे जब तक कि सिवाय मेरे और प्रबंधक के कोई दूसरा लाल बालों वाला व्यक्ति दिखाई देने के लिए नहीं बचा।

"' मेरा नाम,' उसने कहा, 'मिस्टर डनकन रॉस है, और मैं खुद हमारे वैभवपूर्ण शुभचिंतक द्वारा छोड़ी गयी निधि पर आश्रित पेंशनभोगियों में से एक हूँ। मिस्टर विल्सन, क्या आप एक विवाहित व्यक्ति हैं? क्या आपके कोई परिवार है?'

"मैंने उत्तर दिया, नहीं।

"उसका चेहरा तुरंत लटक गया।

"'ओह!' उसने गम्भीरता से कहा, 'वाकई यह बहुत गम्भीर बात है! मुझे सुन कर खेद है कि आप ऐसा कहते हैं। यह निधि, निश्चिय ही, लाल बाल वालों के संवर्धन और प्रसार के साथ-साथ उनके भरण-पोषण के लिए थी। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपको कुंवारा रहना होगा[10]।'

"मिस्टर होम्स, इस पर मेरा चेहरा लम्बा हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि अन्ततः मुझे वह रिक्ति नहीं मिलने जा रही थी। परन्तु कुछ मिनटों तक इस पर विचार करने के बाद उसने कहा कि सब ठीक हो जाएगा।

"'किसी अन्य के मामले में, ' उसने कहा, 'ऐसी आपत्ति घातक हो सकती है, किन्तु एक आदमी के पक्ष में जिसका ऐसे बालों वाला सिर हो जैसे आपका है, हमें ढिलाई देनी होगी। अपने नये कर्तव्यों में प्रवेश करने के लिए आप कब समर्थ हो सकेंगे?"

"'वैसे, यह कहना थोड़ा बेढंगा है, क्योंकि मेरे पास पहले से ही एक व्यवसाय है।' मैंने कहा।

---

[10] अर्थात शादी न होने के कारण आपको कुंवारों की तरह जीवन बिताना पड़ेगा।

"'ओह, उसकी बात छोड़िये, मिस्टर विल्सन!' विन्सेन्ट स्पॉल्डिंग ने कहा। 'आपके लिए उसकी देखभाल मैं कर लूँगा।'

"'काम का समय क्या होगा?' मैंने पूछा।

"'दस से दो।'

"मिस्टर होम्स, अब गिरवी दलाल का काम अधिकतर शाम को होता है, ख़ासकर बृहस्पतिवार और शुक्रवार की शाम को, जो वेतन-दिवस से ठीक पहले है। अत: सुबह के समय थोड़ा कमा लेना मेरे लिए बहुत जंच सकता था। इसके अलावा, मैं जानता था कि मेरा सहायक एक अच्छा व्यक्ति था, और वह किसी भी अनपेक्षित चीज से निपट सकता था।

"'यह मेरे लिए बहुत अच्छी तरह से सुविधाजनक होगा,' मैंने कहा। 'और वेतन?'

"'चार पौण्ड प्रति सप्ताह!'

"'और काम?'

"'पूर्णतया नाममात्र का है।'

"'पूर्णतया नाममात्र का है, से आपका क्या तात्पर्य है?'

"'अच्छी बात है, आपको पूरे समय कार्यालय, या कम-से-कम बिल्डिंग, में उपस्थित रहना होगा। यदि आप इसे छोड़कर जाते हैं, तो सदैव के लिए आपका स्थान छिन जाएगा। इस बिन्दु पर वसीयत बहुत ही स्पष्ट है। यदि काम की समयावधि के दौरान आप कार्यालय से हटते हैं, तो आप शर्तों का अनुपालन नहीं करते हैं।'

"'प्रतिदिन यह केवल चार घण्टे की बात है, और मैं कार्यालय को छोड़ने के बारे में सोचूंगा तक नहीं।' मैंने कहा।

"'कोई भी बहाना नहीं चलेगा।' मिस्टर डनकन रॉस ने कहा। 'न बीमारी, न काम और न ही कोई और बहाना। आपको इस बिल्डिंग में रुकना ही होगा, अन्यथा आप अपने स्थान से हाथ धो बैठेंगे।'

"'और काम?'

"'ब्रिटैनिका विश्वकोष की नकल उतारनी है। इसका पहला ग्रन्थ वहां उस आलमारी में है। आपको अपनी खुद की स्याही, कलम और अवशोषक-कागज लाने होंगे, हम केवल यह मेज़ और कुर्सी देंगे। तो आप कल से काम करने के लिए तैयार हैं?'

"'निश्चित रूप से', मैंने उत्तर दिया।

"'तो, अलविदा, मिस्टर जाबेज विल्सन, और इस महत्वपूर्ण स्थान को, जिसे पाने के लिए आप पर्याप्त रूप से भाग्यशाली रहे हैं, हासिल करने के लिए मुझे एक बार फिर से आपको बधाई देने दीजिये।' उसने सिर झुकाकर मुझे कमरे के बाहर विदा किया, और मैं अपने सहायक के साथ घर चला गया। मैं क्या कहूँ या क्या करूं, मुझे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। मैं अपनी अच्छी किस्मत पर बहुत खुश था।

"खैर, पूरे दिन मैं इस मामले के विषय में सोचता रहा, और शाम तक मेरा उत्साह फिर से काफी कम हो गया; क्योंकि मैंने पूरे तौर पर खुद को समझा लिया था कि यह पूरा मामला अवश्य ही कोई बहुत बड़ा झांसा या धोखाधड़ी का होगा, यद्यपि इसका मकसद क्या हो सकता था मैं कल्पना नहीं कर सका। कुलमिलाकर यह विश्वासातीत दिखाई देता था कि कोई व्यक्ति ऐसी वसीयत बना सकता था, या यह कि वे ब्रिटैनिका विश्वकोष की नकल उतारने जैसे आसान काम को करने के लिए ऐसी राशि का भुगतान कर सकते थे। मुझे प्रसन्न करने के लिए विन्सेन्ट स्पॉल्डिंग जो कुछ कर सकता था उसने किया, लेकिन बिस्तर पर जाते वक्त तक, मैंने खुद को इस पूरे मामले से अलग करने का फैसला किया। हालांकि, सुबह मैंने, कैसे भी कर के, इस मामले

को देखने का निश्चय किया, इसलिए मैंने एक पेनी[11] में आने वाली स्याही की बोतल, एक क्विल-पेन[12], और फुलस्केप-पेपर[13] की सात शीटें खरीदी, और पोप न्यायालय के लिए निकल पड़ा।

"मुझे हैरत और ख़ुशी हुयी, क्योंकि हर एक चीज यथासंभव ठीक थी। मेरे लिए मेज सुव्यवस्थित तैयार रखी थी, और मिस्टर डनकन रॉस यह देखने के लिए कि मैं ठीक ढंग से काम कर रहा हूँ, वहीं उपस्थित था। अक्षर 'A' पर उसने मेरा काम शुरू कराया, और फिर वह मुझे छोड़कर चला गया। परन्तु समय-समय पर वह यह देखने के लिए आ जाता था कि मेरे साथ सब ठीक चल रहा था। दो बजे उसने मुझे शुभ दिन कहा, मेरे किये गये काम की, जिसे मैंने लिखा था, प्रशंसा की, और मेरे पीछे कार्यालय के दरवाजे पर ताला लगा दिया।

"मिस्टर होम्स,ऐसा कई दिनों तक लगातार चलता रहा, और शनिवार को प्रबंधक अंदर आया और मेरे सप्ताह भर के काम के लिए चार सुनहरे शासकीय सिक्कों का उसने मुझे तुरंत उसी जगह पर भुगतान किया। अगले सप्ताह भी ऐसा ही हुआ था, और उसके अगले सप्ताह बाद भी यही हुआ। हर सुबह दस बजे मैं वहां होता, और हर दोपहर दो बजे वहां से निकल जाता। धीरे-धीरे करके मिस्टर डनकन रॉस का आना कम हो गया और वह सुबह केवल एक बार अंदर आया करता, और फिर, कुछ समय बाद उसने अंदर आना बिलकुल भी बंद कर दिया था। तथापि, स्वाभाविक तौर पर, मैंने कभी एक क्षण के लिए भी कमरा छोड़ने की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि मैं निस्संशय नहीं था कि वह कब आ जाए, और यह नौकरी इतनी अच्छी और मेरे लिए इतनी अनुकूल थी कि मैं इसे गंवाने का खतरा मोल नहीं ले सकता था।

---

[11] पेनी(penny)- ब्रिटिश करेंसी जिसका मूल्य 1/12 शिलिंग के बराबर होता है।

[12] क्विल-पेन(quill-pen)-पंख की कलम

[13] फुलस्केप-पेपर(foolscap paper)- ऑफिस कार्य हेतु लिखने के लिए इस्तेमाल होनेवाला कागज

"इसी तरह से आठ सप्ताह बीत गए, और मैं Abbots[14] और Archery[15] और Armour[16] और Architecture[17] और Attica[18] के बारे में लिख चुका था, और परिश्रम के साथ आशा कर रहा था कि 'B' अक्षर पर काम शुरू करने में मुझे ज्यादा देर नहीं लगेगी। फुलस्केप कागज खरीदने में मेरा कुछ खर्चा हो रहा था, और अपने लेखन कार्य से शेल्फ को मैं लगभग भर चुका था। और फिर अचानक पूरा काम रुक गया।"

"रुक गया?"

"हां, सर। और यह आज सुबह की ही घटना है। हमेशा की तरह दस बजे मैं अपने काम के लिए पहुंच गया था, लेकिन दरवाजा बंद था और उस पर ताला लगा था। फलक के बीच एक छोटे चौकोर कार्ड-बोर्ड[19] को टांका लगाकर हथौड़ी से लगाया गया था। यह यहाँ रहा, और आप इसे स्वयं पढ़ सकते हैं।"

लगभग नोट-पेपर के आकार की शीट के बने सफेद कार्ड-बोर्ड को उसने बाहर निकाल कर दिखाया, जिस पर इस प्रकार से लिखा था:

लाल-बाल वालों का संघ

बन्द किया जाता है।

9 अक्टूबर, 1890

---

[14] Abbot-मठाध्यक्ष

[15] Archery-तीरंदाजी

[16] Armour-कवच

[17] Architecture-शिल्प, वास्तुकला

[18] Attica-ग्रीस की राजधानी

[19] कार्ड-बोर्ड(card-board)- गत्ते का बोर्ड

OFFICE

शरलॉक होम्स और मैंने इस रूखी उद्घोषणा का और इसके पीछे मिस्टर विल्सन के उदास चेहरे का तब तक निरीक्षण किया जब तक कि इस मामले का हास्यास्पद पहलू अन्य सभी विचारों पर पूरी तरह से ऐसे हावी नहीं हो गया कि हम दोनों ठहाके मारकर हंसने लगे।

"मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई बहुत मजाकिया बात है।" हमारा क्लाइंट, अपने आग के समान सुलगते बालों की जड़ों तक गुस्से से लाल होता हुआ, बोला। "यदि आप मेरे ऊपर हंसने से बेहतर और कुछ नहीं कर सकते हैं, तो मैं अन्यत्र चला जाता हूं।"

"नहीं, नहीं, " होम्स ने उसे वापस उस कुर्सी में, जिससे वह आधा उठ चुका था, धकेलते हुए कहा। "मैं वाकई किसी भी कीमत पर आपके मामले को नहीं छोड़ूंगा। यह बहुत ही आश्चर्यजनक ढंग से असाधारण है। लेकिन यदि मेरे ऐसा कहने को आप क्षमा करें, तो इसमें कुछ थोड़ी सी हास्यास्पद बात है। कृपया बताइए, जब दरवाजे पर आपको यह कार्ड मिला तब आपने क्या किया?"

"मैं लड़खड़ा गया था, सर। मुझे नहीं पता था कि मैं क्या करूं। फिर मैंने समीप के सभी कार्यालयों में जाकर पता किया, लेकिन उनमें से कोई भी इसके बारे में नहीं जानता था। अन्ततः, मैं मकान मालिक के पास गया, जो एक लेखाकार है और निचले तल पर रहता है, और मैंने उससे पूछा कि क्या वह मुझे बता सकता है कि लाल बाल वालों के संघ का क्या हुआ? उसने कहा कि उसने ऐसे किसी संघ के विषय में कभी कुछ नहीं सुना था। फिर मैंने उससे पूछा कि मिस्टर डनकन रॉस कौन था। उसने कहा कि यह नाम उसके लिए नया था।

"'अच्छा', मैंने कहा, "4 नम्बर में रहने वाला सज्जन।'

"क्या वह लाल बालों वाला आदमी?'

"'हां।'

"'ओह, ' उसने कहा, "उसका नाम विलियम मॉरिस था। वह एक सोलिसिटर[20] था और अस्थाई सहूलियत के रूप में मेरा कमरा तब तक के लिए प्रयोग कर रहा था जब तक उसका अपना नया भवन बनकर तैयार नहीं हो गया। वह बीते कल ही चला गया था।'

"'वह मुझे कहां मिल सकता है?'

"'ओह, अपने नये कार्यालय में। उसने मुझे पता बताया था। हां, 17, किंग एडवर्ड स्ट्रीट, सैंट पॉल चर्च के समीप।'

"मिस्टर होम्स, मैं उस पते के लिए निकल पड़ा परन्तु जब मैं वहां पहुंचा तो मैंने देखा कि यह घुटने की कृत्रिम टोपियों को बनाने का कारखाना था, और वहां किसी ने भी विलियम मौरिस या डनकन रॉस के बारे में कभी नहीं सुना था।"

"और फिर आपने क्या किया?" होम्स ने पूछा।

"मैं घर से निकलकर सेक्से-कोबर्ग स्क्वायर गया, और अपने सहायक से सलाह ली। लेकिन वह किसी प्रकार से मेरी सहायता न कर सका। वह केवल इतना ही कह सका कि यदि मैं प्रतीक्षा करता हूँ तो सम्भव है कि डाक द्वारा मुझे कोई जानकारी भेजी जाए। मिस्टर होम्स, लेकिन यह काफी नहीं था। बिना कोई संघर्ष किए मैं ऐसे पद को गंवाना नहीं चाहता था, इसलिए जैसे ही मैंने सुना कि आप ऐसे निर्धन लोगों को सलाह देने के मामले में काफी अच्छे हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता होती है, तो मैं सीधा आपके पास चला आया।"

"और ऐसा आपने बड़ी बुद्धिमत्तापूर्वक किया," होम्स ने कहा, "आपका मामला बहुत ही असाधारण है, और इसकी पड़ताल करके मुझे ख़ुशी होगी। जो कुछ आपने मुझे बताया उससे मैं यही सोचता हूँ कि सम्भव है कि प्रथम दृष्टया दिखाई देने वाली चीजों से ज्यादा गम्भीर बातें इससे जुड़ी हों।"

---

[20] सोलिसिटर(solicitor)- प्रतिवक्ता, न्यायाभिकर्ता

"पर्याप्त रूप से गम्भीर!" मिस्टर जाबेज विल्सन ने कहा। "अरे, मैंने सप्ताह के चार पौण्ड गंवा दिए हैं।"

"जहां तक व्यक्तिगत रूप से आपका सम्बन्ध है," होम्स ने टिप्पणी की, " मुझे नहीं लगता कि इस असाधारण संघ से आपको कोई क्षति हुयी है। बल्कि जितना मैं समझता हूँ मेरे विचार से आप कुछ तीस पौण्ड अधिक धनवान हुए हैं, साथ ही साथ आपने हर विषय से जुड़े उस बारीक ज्ञान को भी प्राप्त किया है जो अक्षर 'A' के अन्तर्गत आता है। उनके द्वारा आपने कुछ भी नहीं गंवाया है।"

"नहीं, सर। लेकिन मैं उनके बारे में पता लगाना चाहता हूँ, कि वे लोग कौन हैं, और यदि यह एक मजाक था तो मुझसे इस मजाक को खेलने का उनका मकसद क्या था। उनके लिए यह खासा महंगा मजाक था, क्योंकि इसकी कीमत उन्हें बत्तीस पौण्ड पड़ी।"

"आपके लिए हम इन बिन्दुओं को स्पष्ट करने का प्रयास करेंगे। किन्तु पहले एक-दो प्रश्न पूछने हैं, मिस्टर विल्सन। आपका यह सहायक, जिसने पहली बार आपका ध्यान इस विज्ञापन की तरफ आकृष्ट किया था, आपके साथ कितने समय से रह रहा था?"

"तब से करीब एक माह पहले से।"

"वह कैसे आया था?"

"एक विज्ञापन के ज़वाब में।"

"क्या वह एकमात्र आवेदक था?"

"नहीं, मेरे पास लगभग एक दर्जन लोग आये थे।"

"आपने उसे क्यों चुना?"

"क्योंकि वह निपुण था और सस्ते में राज़ी हो गया था।"

"वास्तव में, आधी मजदूरी पर।"

"हां।"

"यह विन्सेन्ट स्पॉल्डिंग दिखने में कैसा है?"

"छोटेकद का, गठीले बदन वाला, और अपनी कार्यशैली में बहुत ही फुर्तीला, उसके चेहरे पर कोई बाल नहीं है, हालांकि वह तीस वर्ष से कम आयु का नहीं होगा। उसके माथे पर तेजाब से जलने की सफेद चित्ती बनी है।"

अपनी कुर्सी में होम्स बहुत उत्तेजित होकर बैठ गया। "मैंने ऐसा ही सोचा था," उसने कहा। "क्या आपने कभी गौर किया है कि उसके कान कर्णआभूषण पहनने के लिए छिदे हुए हैं?"

"हां, सर! उसने मुझे बताया था कि जब वह बच्चा था तब एक खानाबदोश ने उसके लिए ऐसा किया था।"

"हुम!" गहन चिन्तन में वापस डूबते हुए होम्स ने कहा, "वह अभी भी आपके साथ है?"

"ओह, हां, सर। मैं अभी-अभी उसे छोड़कर आया हूँ।"

"और क्या आपकी अनुपस्थिति में आपके कारोबार को सकुशल किया जाता रहा है?"

"सर, शिकायत वाली कोई बात नहीं है। सुबह करने के लिए वैसे भी कभी कोई ख़ास काम नहीं होता है।"

"इतनी जानकारी काफी है, मिस्टर विल्सन। इस विषय पर एक-दो दिन में अपनी राय से आपको अवगत करा कर मुझे ख़ुशी होगी। आज शनिवार है, और मैं आशा करता हूँ कि सोमवार तक हम एक निष्कर्ष तक पहुंच सकते हैं।"

"अच्छा, वॉटसन," जब हमारा आगन्तुक हमें छोड़कर जा चुका था तो होम्स ने कहा, "तुम इस पूरे प्रकरण से क्या समझते हो?"

"मैं इससे कुछ नहीं समझता, "मैंने स्पष्ट लहजे में उत्तर दिया, "यह एक बहुत ही रहस्यमय मामला है।"

"सामान्यतया, " होम्स ने कहा, "कोई चीज जितनी ज्यादा विचित्र होती है वह उतनी ही कम रहस्यमय साबित होती है। यह तुम्हारे आकारहीन आम अपराध हैं जो वास्तव में उलझाऊँ होते हैं, ठीक वैसे ही जैसे एक आम चेहरा पहचानना सबसे कठिन होता है। किन्तु इस मामले में मुझे शीघ्रता बरतनी होगी।"

"तो, अब तुम क्या करने जा रहे हो?" मैंने पूछा।

"धूम्रपान करने," उसने उत्तर दिया। "यह पूरे तौर पर तीन पाइप पीने लायक समस्या है, और मैं विनती करता हूँ कि पचास मिनट के लिए तुम मुझसे कोई बात न करो।" उसने खुद को अपनी कुर्सी में समेट लिया, उसके पतले घुटने उसकी बाज-जैसी नाक तक आकर रुक गये थे, और वहां वह अपनी आँखें बंद किये हुए और अपने मिट्टी के काले पाइप को, किसी विचित्र चिड़िया की चोंच की तरह, मुंह से बाहर निकालते हुए बैठा था। मैंने यह निष्कर्ष निकाला कि वह सो गया था, और वास्तव में, मैं खुद भी ऊंघ रहा था, तभी अचानक ही वह अपनी कुर्सी से एक ऐसे आदमी की भावमुद्रा बनाते हुए उछल पड़ा जिसने खुद को दिमागी तौर पर तैयार कर लिया था और फिर उसने अपने पाइप को मेंटलपीस[21] के ऊपर रख दिया।

"आज दोपहर सैंट जेम्स हाल में सारास्टे[22] का कार्यक्रम है," उसने टिप्पणी की। "तुम्हारा क्या विचार है, वॉटसन? क्या कुछ घण्टों के लिए तुम्हारे मरीज तुम्हें फुर्सत दे सकते हैं?"

---

[21] मेंटलपीस(mantelpiece)- अग्निकोष्ठ के ऊपर बनी ताक

[22] सारास्टे(Sarasate), मशहूर स्पेनिश वायलिनवादक थे।

"आज मेरे पास करने के लिए कोई काम नहीं है। मेरी प्रैक्टिस कभी भी मेरा पूरा समय लेने वाली नहीं रही है।"

"तो फिर अपना हैट पहनो और आओ। पहले मैं शहर का निरीक्षण करूंगा, और फिर रास्ते में ही हम कुछ खाना ले लेंगे। मेरा विचार है कि इस कार्यक्रम में पर्याप्त रूप से जर्मन संगीत भी होगा, जो इटैलियन या फ्रांस के संगीत की तुलना में मुझे ज्यादा पसंद है। यह आत्मविश्लेषी है, और मैं खुद का आत्मनिरीक्षण करना चाहता हूं। जल्दी करो!"

एल्डर्सगेट तक की दूरी हमने भूमिगत रास्ते से तय की, और पैदल ही एक छोटी दूरी चलने पर हम सेक्से-कोबर्ग स्क्वायर पहुंच गए, यह उस असामान्य कहानी का दृश्यस्थल था जिसे हमने सुबह सुना था। यह एक मृतप्राय, छोटी, जीर्ण-शीर्ण उबाऊ जगह थी, जहां ईंटों के बने दो मंजिले मकानों की चार मैली-कुचैली पंक्तियां एक छोटी सी रेलिंग के घेरे के भीतर से बाहर झांकती थीं, जहाँ एक लॉन की घास-फूस और मुरझाये पुन्नाग की झाड़ियों के कुछ गुच्छे उस धुयें भरे और अरुचिकर वातावरण से बुरी तरह से जूझ रहे थे। कोने वाले एक मकान के ऊपर तीन गिल्ट-बॉल[23] और एक भूरे रंग की तख्ती, जिस पर सफेद अक्षरों में 'जाबेज़ विल्सन' लिखा था, लगी हुयी थी। जिसने उद्घोषित किया कि यह वही जगह थी जहाँ लाल बालों वाला हमारा क्लाइंट अपना व्यवसाय करता था। शरलॉक होम्स अपना सिर एक दिशा में घुमाए इसके सामने खड़ा हो गया और पलकों को सिकोड़ते हुए अपनी चमकीली आँखों से उसने इसका पूरी तरह से मुआयना किया। फिर वह धीरे-धीरे टहलता हुआ सड़क के ऊपर तक गया, और फिर वापस नीचे कोने तक आया, अभी भी वह बड़ी ही उत्सुकता से मकानों को देख रहा था। अन्ततः वह गिरवी दलाल के (विल्सन के) घर के सामने लौट आया, और, अपनी छड़ी से दो या तीन बार जोर से पेवमेंट[24] को ठकठकाने के बाद, वह दरवाजे तक गया और इसे खटखटाया। इसे तुरंत

---

[23] गिल्ट-बॉल(gilt ball)- गिरवी दलाल को प्रदर्शित करने का परम्परागत चिह्न

[24] पेवमेंट(pavement)- सड़क के किनारों पर पैदलयात्रियों के चलने के लिए बनी पटरी।

JABEZ WILSON
SP

ही एक गोरे रंग के बिना दाढ़ी वाले युवा आदमी द्वारा खोला गया, उसने उसे (होम्स को) अंदर आने के लिए कहा।

"धन्यवाद," होम्स ने कहा, "मैं आपसे केवल यह पूछना चाहता था कि आप यहां से स्ट्रैंड कैसे जा सकते हैं?"

"दाएं से तीसरा, बाएं से चौथा," दरवाजा बंद करते हुए सहायक ने तुरंत ही उत्तर दिया।

"वह काफी होशियार आदमी है, " जैसे ही हम दूर निकल आये होम्स ने अपना विचार रखते हुए कहा, "मेरे निर्णय में वह लंदन का चौथा सबसे होशियार आदमी है, और मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि वह तीसरा होने का दावेदार नहीं है। मैं उसके विषय में पहले से ही कुछ जान चुका हूँ।"

"स्पष्ट रूप से," मैंने कहा, "लाल बाल वाले संघ के इस रहस्य में मिस्टर विल्सन का सहायक काफी हद तक गौर करने योग्य है। मुझे पक्का यकीन है कि अपना रास्ता तुमने केवल इसलिए पूछा था, ताकि तुम उसे देख सको।"

"उसे नहीं।"

"फिर क्या?"

"उसके पाजामे के घुटने।"

"और तुमने क्या देखा?"

"जिसे देखने की मैं अपेक्षा करता था।"

"तुमने पेवमेंट को क्यों ठकठकाया था?"

"मेरे प्यारे डॉक्टर, यह मुआयने का समय है, बातों का नहीं। हम दुश्मन के देश में जासूस हैं। मैं सैक्से-कोबर्ग स्क्वायर के विषय में कुछ जानता हूँ। अब हमें उन हिस्सों की खोजबीन करनी है जो इसके पीछे की ओर स्थित हैं।"

जैसे ही हम लोग निर्जन सैक्से-कोबर्ग स्क्वायर के कोने से गोलाई में घूमे ही थे कि हमने खुद को उस सड़क मार्ग पर खड़े पाया जो स्वयं को पूरी तरह से वैसे ही भिन्नता से प्रस्तुत करता था जैसे किसी तस्वीर का आगे का हिस्सा इसके पीछे के हिस्से को दिखाता है। यह उन मुख्य मार्गों में से एक था जो शहर के परिवहन को उत्तर और पश्चिम की तरफ ले जाता था। धारा-प्रवाह से भारी मात्रा में वाणिज्यिक चीजों को ले आते और ले जाते वाहनों के अंदर आने और बाहर जाने से, दोनों ही तरफ के रास्तों का सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया था जबकि जल्दबाजी करते हुए पैदल यात्रियों की भारी भीड़ से फुटपाथ काला दिखाई दे रहा था। जब हमने सुन्दर दुकानों और आकर्षक व्यावसायिक परिसरों की पंक्ति को देखा तो यह जान पाना मुश्किल था कि ये वाकई में दूसरी तरफ के उस क्षेत्र से सटा था जिस पर वह मुरझाया हुआ और शांत स्क्वायर था जिसे अभी-अभी हमने छोड़ा था।

"मुझे देखने दो, " होम्स ने, एक कोने पर खड़े होते हुए और कतार की ओर देखते हुए, कहा। "मैं यहां बने मकानों के क्रम को याद करना चाहूंगा। यह मेरा शौक है कि मैं लन्दन के बारे में सटीक ज्ञान रखूं। वहां तम्बाकू विक्रेता-मॉर्टिमर, एक छोटी अखबार की दूकान, 'सिटी एंड सबअर्बन बैंक' की कोबर्ग शाखा, शाकाहारी रेस्तरां, और मैकफर्लेन का गाड़ी बनाने का कारखाना है। जो हमें दूसरे ब्लॉक की दायीं तरफ ले जाता है। डॉक्टर, और अब हमने अपना काम कर लिया है, इसलिए इस समय हम कुछ खेल देख सकते हैं। एक सैंडविच और कॉफी का एक प्याला, और फिर हम वायलिन-स्थल की ओर चलेंगे, जहां हर तरफ मधुरता, कोमलता और सामंजस्यता है, और जहां कोई लाल बालों वाला क्लाइंट अपनी समस्याओं के साथ हमें खिजाने के लिए नहीं होगा।"

मेरा मित्र एक उत्साही संगीतज्ञ था, वह न केवल एक बहुत ही योग्य परफ़ॉर्मर[25] था बल्कि एक असाधारण योग्यता का कंपोजर[26] भी था। पूरी दोपहर वह मंच के समीप

---

[25] परफ़ॉर्मर(performer)- अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाला

[26] कंपोजर(composer)- संगीत की धुनों की रचना करने वाला

की कुर्सियों पर पूर्ण आनन्द में लीन बैठा, अपनी लम्बी, पतली अंगुलियों को संगीत की ताल के अनुसार तेजी से लहराता रहा, जबकि उसके हल्के से मुस्कराते चेहरे और उसकी कल्पना में डूबी, शिथिल आँखें उसे उस होम्स से पूरी तरह भिन्न बनाते थे जो भेदिया-कुत्ते की तरह था, होम्स, जो निर्दयी था, चतुर था, अपराधी कारकों के लिए तैयार हाथ वाला था, जैसा कि देखने से सोचा जा सकता था। उसके असाधारण चरित्र का दोहरा स्वभाव बारी-बारी से खुद को उजागर कर देता था और जैसा कि मैंने अकसर विचार किया है, उसकी चरमसीमा की सटीकता और कुशाग्रता उसके कवित्व और विचारमग्न मूड, जो कभी-कभी उसमें हावी हो जाता था, की प्रतिक्रिया स्वरूप थे। उसके स्वभाव का इस प्रकार झूलना उसे अत्यंत आलस्य की स्थिति से पूरी तरह से हावी होने वाली ऊर्जा की स्थिति तक ले जाता था, और, जैसा कि मैं अच्छी तरह से जानता था, कि वह कभी भी सचमुच इतना अधिक विकट नहीं होता था, सिवाय उस स्थिति के जब लगातार कई दिनों तक, वह अपनी आरामकुर्सी में अपनी कविताओं और अपने *ब्लैक-लैटर एडिशन*[27] के बीच आलसी की तरह पड़ा रहता था। फिर जब तक वे लोग जो उसके तरीकों से अपरिचित थे उसे संदेह की दृष्टि से देखते यह पीछा करने का वह लोभ होता जो अचानक ही उस पर हावी हो जाता, और यह कि उसकी शानदार तर्कशक्ति अंतर्ज्ञान के स्तर तक पहुँच जाती, क्योंकि इस आदमी का ज्ञान ऐसा नहीं होता था जो अन्य मरणशील लोगों के पास था। जब उस दोपहर सैंट जेम्स हाल में, मैंने उसे संगीत में इतना लीन देखा तो मैंने महसूस किया कि उन लोगों का बुरा समय आने वाला है जिनका शिकार करने के लिए उसने खुद को तैयार किया था।

"निःसंदेह, तुम घर जाना चाहोगे, डॉक्टर।" जैसे ही हम खड़े हुए उसने टिप्पणी की।

"हां, यही बेहतर होगा।"

---

[27] ब्लैक-लैटर एडिशन(black-letter edition)- एक ख़ास शैली जिसे किताबों को प्रिंट करने के लिए एक समय इस्तेमाल किया जाता था।

"और मुझे अभी कुछ काम करना है जिसमें कुछ घण्टे लगेंगे। कोबर्ग स्क्वायर का यह मामला गम्भीर है।"

"गम्भीर क्यों?"

"एक बहुत बड़े अपराध के किये जाने की सम्भावना है। मेरे पास विश्वास करने का हर कारण मौजूद है कि समय रहते हम इसे होने से रोक लेंगे। लेकिन आज शनिवार का होना मामले को तुलना में जटिल बनाता है। मुझे आज रात तुम्हारी मदद की जरूरत पड़ेगी।"

"किस समय?"

"दस बजे का समय पर्याप्त पहले कहा जायेगा।"

"मैं दस बजे बेकर स्ट्रीट पहुंच जाऊंगा।"

"बहुत अच्छा। और, मैं कहता हूँ डॉक्टर, वहां थोड़ा खतरा हो सकता है, इसलिए कृपया अपनी आर्मी रिवाल्वर को अपनी जेब में रख लेना।" उसने अपने हाथ से इशारा किया, अपनी एड़ियों पर घूमा, और एक क्षण में भीड़ में गुम हो गया।

मैं विश्वास करता हूँ कि मैं अपने पड़ोसियों से अधिक मूर्ख नहीं हूँ, किन्तु शरलॉक होम्स के साथ अपने खुद के बात-बर्ताव को लेकर मैं सदैव अपनी मूर्खता को महसूस करते हुए पीड़ित रहता था। यहाँ मैंने वही सुना था जो उसने सुना था, मैंने वही देखा था, जो उसने देखा था। परन्तु फिर भी उसकी बातों से यह स्पष्ट था कि उसने साफतौर पर न केवल वह देख लिया था जो घटित हुआ था बल्कि वह भी देख लिया था जो होने वाला था, जबकि मेरे लिए पूरा मामला अभी भी उलझा हुआ, और विचित्र था। केनसिंगटन स्थित अपने घर जाते वक्त मैंने इस पूरे प्रकरण, विश्वकोष के लाल बाल वाले नकलकर्ता की असाधारण कहानी से लेकर सेक्से-कोबर्ग स्क्वायर के भ्रमण तक की सारी घटनाओं और उन अनिष्टसूचक शब्दों जिन्हें उसने मुझसे विदा लेते समय कहा था, पर विचार किया। रात का यह अभियान क्या था, और मुझे हथियार बंद होकर क्यों जाना चाहिए था? हम कहाँ जा रहे थे, और हम क्या करने वाले थे?

मुझे होम्स से संकेत मिला था कि गिरवी-दलाल का यह चिकने चेहरे वाला सहायक एक विकट व्यक्ति था –एक ऐसा व्यक्ति, जो एक खतरनाक खेल खेल सकता था। मैंने इस उलझन को सुलझाने की कोशिश की, परन्तु निराश होकर मैंने इसे छोड़ दिया और मामले को रात, जो इसकी व्याख्या करती, होने तक एक ओर रख दिया।

जब मैं घर से निकला था उस समय सवा नौ बजे थे और मैंने अपना रास्ता पार्क, और फिर ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट से होते हुए बेकर स्ट्रीट तक तय किया। दरवाजे पर दो बग्घियाँ खड़ी थी और जैसे ही मैंने गमन मार्ग में प्रवेश किया तो मैंने ऊपर से आती हुयी आवाजों को सुना। उसके कमरे में प्रवेश करने पर मैंने होम्स को दो व्यक्तियों के साथ जोशपूर्ण तरीके से बातचीत करते पाया, उनमें से एक को मैं पीटर जोन्स, पुलिस के आधिकारिक एजेंट, के रूप में पहचानता था, जबकि दूसरा एक लम्बे, दुबले, उदास चेहरे वाला व्यक्ति था, जिसने बहुत ही चमकीला हैट और उमसदार ढंग का गौर करने योग्य फ्रॉक कोट पहना हुआ था।

"हा! हमारा दल पूरा हो गया," होम्स ने, अपनी पी-जैकेट[28] के बटन को ऊपर बंद करते हुए और रैक[29] से अपने भारी हंटिंग-क्रॉप[30] को उठाते हुए, कहा "वॉटसन, मैं सोचता हूँ कि तुम स्कॉटलैण्ड यार्ड के मिस्टर जोन्स को जानते हो? मैं तुम्हारा परिचय मिस्टर मैरीवैदर से कराता हूँ, जो आज रात के साहसिक कार्य में हमारे साथी बनने जा रहे हैं।"

---

[28] पी-जैकेट(pea-jacket)- एक मजबूत छोटी ओवरकोट जो खुरदुरे ऊन की बनी होती है, इस तरह की कोट को अब सामान्यतया नाविकों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।

[29] रैक(rack)- एक फ्रेमवर्क, स्टैंड या जाली जिस पर या जिसमें सामानों को रखा जाता है। जैसे कपड़े रखने का रैक, जूते रखने का रैक, बोतल रखने का रैक इत्यादि।

[30] हंटिंग-क्रॉप(hunting crop)- एक चाबुक जिसके सिरे पर हुक के आकार का हैंडल लगा होता है, इस चाबुक पर चमड़े की पट्टी नहीं लगी होती है, इसका इस्तेमाल गेट खोलने के लिए किया जा सकता है।

"डॉक्टर, देखो हम फिर से जोड़े बनाकर शिकार पर जा रहे हैं," जोन्स ने अपने तर्कसंगत तरीके से कहा। "यहाँ हमारा मित्र पीछा शुरू करने के लिए कमाल का आदमी है। उसे केवल एक बूढ़े कुत्ते की जरूरत है जो नीचे दौड़ने में उसकी मदद कर सके।"

"मैं आशा करता हूँ कि हमारे इस तरह से पीछा करने का अंत निरर्थक साबित न हो," मिस्टर मैरीवैदर ने उदासी भरे लहजे में कहा।

"सर, आप होम्स पर पूरा भरोसा कर सकते है।" पुलिस एजेंट ने गौरवशाली ढंग से कहा। "उसके अपने खुद के छोटे तरीके हैं, जो, यदि वह मेरे ऐसा कहने का बुरा न माने तो, बहुत थोड़े से सैद्धांतिक और अद्भुत हैं, लेकिन उसमें खुद को एक सफल जासूस साबित करने की काबिलियत है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि शोल्टो हत्या और आगरा खजाने के प्रकरण जैसे एक-दो मामलों को छोड़कर, वह आधिकारिक बल से तकरीबन ज्यादा सटीक साबित हुआ है।"

"ओह, यदि आप ऐसा कहते हैं, मिस्टर जोन्स, तब ठीक है।" अजनबी ने आदरभाव से कहा। "फिर भी, मैं स्वीकार करता हूं कि मुझे अपने रबर[31] की कमी महसूस हो रही है। यह सत्ताईस वर्षों में पहली शनिवार की रात है जब मेरे पास मेरा रबर नहीं होगा।"

"मैं सोचता हूँ आप पायेंगे," शरलॉक होम्स ने कहा, "कि आज रात आप एक ऊंचे दांव के लिए खेलेंगे इतने ऊंचे कि जितना आज तक आपने कभी नहीं खेला होगा, और यह कि यह खेल और भी अधिक रोमांचक होगा। मिस्टर मैरीवैदर, आपके लिए यह दांव कुछ तीस हजार पौण्ड का होगा, और जोन्स तुम्हारे लिए वह आदमी, *जिस पर तुम अपना हाथ धरने की कामना करते हो*[32]।"

---

[31] यहाँ अजनबी का आशय ताश के खेल शायद ब्रिज(bridge) या व्हिस्ट (whist) से है, जिसमें चार खिलाड़ी दो-दो का जोड़ा बनाकर खेलते हैं।

[32] जिसे तुम गिरफ्तार करना चाहते हो।

"जॉन क्ले, वह हत्यारा, चोर, तोड़-फोड़ करने वाला और जालसाज। मिस्टर मैरीवैदर, वह एक नौजवान आदमी है लेकिन वह अपने पेशे के शिखर पर है, और मैं लन्दन के किसी अन्य अपराधी की बजाय उसे कंगन[33] पहनाना अधिक पसंद करूंगा। वह युवा जॉन क्ले, एक असाधारण आदमी है। उसका दादा एक शाही ड्यूक था, और वह स्वयं भी एटन और ऑक्सफ़ोर्ड में रहा है। उसका दिमाग उतना ही कुशल है, जितनी उसकी अंगुलियां, और यद्यपि, हर बार हमें उसके सुराग मिलते हैं, परन्तु हम कभी यह नहीं जान पाते हैं कि इस आदमी को कहां खोजें। यदि एक सप्ताह वह स्कॉटलैण्ड में यीशु जन्म की झांकी को तोड़ रहा होगा, तो फिर दूसरे सप्ताह कॉर्नवाल में अनाथालय के निर्माण के लिए चंदा इकट्ठा कर रहा होगा। मैं वर्षों से उसके पीछे लगा हूँ और अभी तक कभी, उसे देख नहीं पाया हूँ।"

"मैं आशा करता हूं कि आज रात उससे तुम्हारा परिचय कराने का सुख मुझे मिल सकता है। मैं खुद भी एक या दो बार मिस्टर जॉन क्ले से हल्के-फुल्के तौर पर मिल चुका हूँ, और मैं इस बात पर तुमसे सहमत हूँ कि वह अपने पेशे के शिखर पर है। जो भी हो, साढ़े दस बज गए हैं, और निकलने के लिए सही समय हो गया है। यदि तुम दोनों पहली वाली बग्घी में चलो, तो वॉटसन और मैं दूसरी वाली से तुम लोगों के पीछे आयेंगे।"

इस लम्बी यात्रा के दौरान शरलॉक होम्स ज्यादा बातचीत करने का इच्छुक नहीं था और बग्घी में पीछे लेटा वह, उस धुन को गुनगुनाता रहा जिसे उसने दोपहर में सुना था। गैस की लाइट से प्रकाशित सड़कों की अंतहीन भूलभुलैया में हम खड़खड़ाते हुए तब तक गुजरते गये जब तक कि हम फैरिंगटन स्ट्रीट में प्रवेश नहीं कर गये।

"अब हम उसके करीब ही हैं," मेरे मित्र ने टिप्पणी की। "ये श्रीमान मैरीवैदर एक बैंक निदेशक हैं, और व्यक्तिगत रूप से मामले में रुचि रखते हैं। मैंने यह सोचा कि अपने साथ जोन्स को रखना भी अच्छा होगा। वह एक बुरा साथी नहीं है, यद्यपि अपने पेशे में वह पूरी तरह से मंदबुद्धि है। उसमें एक सकारात्मक गुण है। यदि किसी

[33] हथकड़ी

पर वह अपने पंजों को रखता है तो उस समय वह उतना ही बहादुर होता है जितना एक बुलडॉग होता है और उतना ही दृढ़ होता है जितना एक समुद्री झींगा होता है। यहाँ हम पहुंच गए, वे हमारी प्रतीक्षा कर रहे हैं।"

हम उसी भीड़-भाड़ वाले आमरास्ते पर पहुँच चुके थे जिसमें सुबह हमने खुद को पाया था। हमारी बग्घियाँ जा चुकी थीं, और, मिस्टर मैरीवैदर के मार्गदर्शन का अनुसरण करते हुए हम एक संकरे गमन मार्ग से आगे बढ़े और बगल के एक दरवाजे से, जिसे उन्होंने हमारे लिए खोल दिया था, होकर निकले। वहां उसके अंदर एक छोटा गलियारा था, जो एक बहुत भारी लोहे के गेट पर जाकर समाप्त हुआ। यह भी खुला हुआ था और इससे नीचे की तरफ पत्थर की घुमावदार सीढ़ियाँ जा रही थीं, जो एक अन्य दुर्जेय गेट पर समाप्त होती थीं। मिस्टर मैरीवैदर, लालटेन जलाने के लिए रुके, और फिर हमें एक अंधेरे, मिट्टी की गंध वाले गमन मार्ग से नीचे ले गये, और फिर, एक तीसरा दरवाजा खोलने के बाद, एक विशालकाय तहखाने या कोठरी के भीतर ले गये, जिसमें चारों तरफ पेटियों और भारी बक्सों के ढेर लगे हुए थे।

लालटेन को ऊपर उठाते हुए और उसके[34] इर्दगिर्द घूरते हुए होम्स ने टिप्पणी की, "आप ऊपर से बहुत अधिक सुरक्षित नहीं हैं।"

"न ही नीचे से," मिस्टर मैरीवैदर ने, फर्श पर पंक्तिबद्ध तरीके से लगे पत्थर के सिलों को अपनी छड़ी से ठकठकाते हुए, कहा। "अरे, यह कैसे, यह तो काफी खोखला है!" आश्चर्य से ऊपर देखते हुए उन्होंने टिप्पणी की।

"मुझे वाकई आपसे कहना होगा कि आप थोड़ा और शान्ति बनाये रखें!" होम्स ने गम्भीरता से कहा। "आपने पहले ही हमारे अभियान की पूरी सफलता को जोख़िम में डाल दिया है। क्या मुझे विनती करनी होगी कि आप उन बक्सों में से किसी एक पर बैठने की मेहरबानी करें, और दखल न करें?"

---

[34] मैरीवैदर के

अपने चेहरे पर बहुत ही आहत होने का भाव लिए हुए गम्भीर मिस्टर मैरीवैदर एक पेटी के ऊपर जाकर बैठ गये, जबकि होम्स अपने घुटनों के बल फर्श पर बैठ गया, और लालटेन तथा एक आवर्धक लेंस लेकर उसने पत्थरों के बीच की दरारों का बारीकी से निरीक्षण करना शुरू कर दिया। उसे संतुष्ट करने के लिए कुछ सेकेण्ड काफी थे, क्योंकि एक बार फिर से वह अपने पांवों पर उछलकर खड़ा हो गया था और उसने अपने आवर्धक लेंस को अपनी जेब में रख लिया था।

"हमारे पास पहले से ही कम-से-कम एक घण्टा है," उसने टिप्पणी की, " क्योंकि जब तक वह अच्छा गिरवी-दलाल सकुशल बिस्तर पर सोने नहीं चला जाता तब तक वे शायद ही कोई कदम उठाएं। उसके बाद वे लोग एक भी मिनट नहीं गंवाएंगे, क्योंकि जितनी जल्दी वे लोग अपना काम कर लेंगे उनके पास भागने के लिए उतना ही अधिक समय होगा। डॉक्टर, जैसा कि निस्संदेह तुम अंदाजा लगा चुके होगे, इस समय हम लंदन के प्रमुख बैंकों में से एक की नगरीय शाखा के तहखाने में हैं। मिस्टर मैरीवैदर निदेशकों के अध्यक्ष हैं, और वह तुम्हें समझाएंगे कि क्या कारण हैं, जिस वजह से लंदन के ज्यादा ही साहसी अपराधी इस समय इस कोठरी में इतनी रुचि ले रहे हैं।"

"यह हमारा फ्रांसीसी सोना है," निदेशक फुसफुसाया।" हमें कई चेतावनियां मिल चुकी हैं कि इसे चुराने की कोशिश की जा सकती है।"

"आपका फ्रांसीसी सोना?"

"हां। कुछ माह पहले हमें अपने संसाधनों को मजबूत करने का अवसर मिला था और इसी उद्देश्य से हमने फ्रांस के बैंक से तीस हजार नेपोलियन उधार लिए थे। यह बात सर्व विदित हो गयी है कि इस धन को निकालने का हमें कभी अवसर नहीं मिला है, और यह कि यह अभी भी हमारे तहखाने में पड़ा हुआ है। मैं जिस पेटी पर बैठा हूँ उसमें लेड[35] की पतली पन्नी की परत के बीच दो हजार नेपोलियन हैं। हमारा

[35] लेड(lead)- सीसा धातु

बुलियन[36] का आरक्षित भंडार इस समय उस मात्रा से काफी ज्यादा है जितना साधारणतया किसी शाखा के कार्यालय में रखा जाता है, और निदेशकगण इस विषय को लेकर अपनी चिंता जता चुके हैं।"

"जो पूरी तरह से न्यायोचित थी," होम्स ने कहा। "और अब समय आ गया है कि हम अपनी छोटी योजनाओं को सही रूप में व्यवस्थित कर लें। मैं आशा करता हूँ कि एक घण्टे के भीतर मामला निर्णायक स्थिति में पहुँच जाएगा। इस दौरान, मिस्टर मैरीवैदर, उस काली लालटेन[37] पर हमें पर्दा डालना होगा।"

"और अंधेरे में बैठना होगा?"

"मुझे भय है ऐसा ही करना होगा। मैं अपनी जेब में ताश की एक गड्डी लेता आया था, और मैंने सोचा था कि, क्योंकि हम partie carrée[38] थे इसलिए आखिरकार आप अपना रबर का खेल खेल सकते थे। परन्तु मैं देखता हूँ कि शत्रु की तैयारियां अभी तक इतनी आगे बढ़ गयी हैं कि हम रोशनी की उपस्थिति का खतरा नहीं उठा सकते हैं। और, सबसे पहले, हमें अपनी जगहें चुन लेनी चाहिए। ये लोग साहसी आदमी हैं, यद्यपि हम लोग उनकी प्रतिकूल स्थिति का फायदा लेंगे, फिर भी यदि हम सावधान नहीं रहते हैं तो वे लोग हमें कुछ नुकसान पहुंचा सकते हैं। मैं इस पेटी के पीछे खड़ा होऊंगा, और क्या तुम लोग खुद को उन बक्सों के पीछे छिपाओगे। फिर, जब मैं फुर्ती से घेरते हुए उन पर प्रकाश डालूँगा। तो वॉटसन, यदि वे गोली चलाते हैं तो उन्हें मारकर नीचे गिराने में अपराध बोध महसूस मत करना।"

मैं जिस लकड़ी के डिब्बे के पीछे दुबक कर खड़ा था उसके ऊपर मैंने अपनी रिवाल्वर को एक तरफ उठाकर तैयार मुद्रा में खड़ा कर दिया। होम्स ने अपनी

---

[36] बुलियन(bullion)- सोने या चाँदी की ईंटें

[37] काली लालटेन(dark lantern)- ऐसी लालटेन जिसमें इसकी रोशनी को अवरोधित करने के लिए फलक लगी होती है।

[38] partie carrée- चार लोगों का दल

लालटेन के आगे की स्लाइड को बंद कर उसका प्रकाश रोक दिया और हम सभी को गहन अँधेरे में कर दिया-ऐसा पूर्ण अंधकार जैसा मैंने पहले कभी अनुभव नहीं किया था। गरम धातु की गंध हमें आश्वस्त करने के लिए शेष रह गई थी कि वहां अब भी रोशनी बची थी, जो एक क्षण में चमकने के लिए तैयार थी। प्रत्याशा के कारण डूबती-उतराती अपनी उत्तेजित शिराओं के साथ मेरे लिए वहां, अचानक छाये अंधकार और तहखाने की सीलन भरी ठण्डी हवा में, कुछ ऐसा था जो निराशाजनक और वशीभूत करने वाला था।

"उनके पास लौटने का केवल एक रास्ता है," होम्स ने फुसफुसाकर कहा। "और वह घर के पिछवाड़े से होकर सेक्से-कोबर्ग स्क्वायर जाता है। जोन्स, मैं आशा करता हूँ जो मैंने तुमसे कहा था वह तुमने कर दिया होगा?"

"सामने के दरवाजे पर मैंने, प्रतीक्षारत एक इंस्पेक्टर और दो सिपाही तैनात कर दिए हैं।"

"तब हमने सारे बिलों को बंद कर दिया है। और अब हमें चुप हो जाना चाहिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए।"

यह क्या समय जान पड़ता था! तत्पश्चात तुलना करके गौर से देखने पर पता चला कि अभी केवल सवा घण्टे ही बीते थे, फिर भी मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि रात लगभग बीत चुकी होगी, और उषाकाल हमारे ऊपर निकलने ही वाला रहा होगा। मेरे अंग थक गये थे और कड़े हो गए थे, क्योंकि मुझे अपनी जगह बदलने का भय था; फिर भी मेरी शिराओं ने तनाव की अधिकतम सीमा तक काम किया था, और मेरी श्रवण क्षमता इतनी तीक्ष्ण थी कि मैं न केवल अपने साथियों के सांस लेने के धीमे स्वर को सुन सकता था बल्कि मैं स्थूलकाय जोन्स की गहरी, भारी साँसों के लिए जाने के स्वर और बैंक निदेशक की पतली, आह भरती साँसों के लिए जाने के स्वर में अन्तर भी कर सकता था। अपनी स्थिति से मैं बक्से के ऊपर से फर्श की दिशा में देख सकता था। अचानक मेरी आँखों ने एक रोशनी की झलक को देखा।

पहले पहल यह पत्थर के पेवमेंट के ऊपर चमकी, जो केवल एक नीलाभ चिंगारी भर थी। फिर यह तब तक फैलती गयी जब तक कि यह एक पीली लकीर में नहीं बदल गयी, और फिर, बिना किसी चेतावनी या आवाज के, सतह पर एक कटाव सा खुलता हुआ दिखाई दिया और एक हाथ दिखाई दिया। एक सफेद, लगभग औरतों जैसा हाथ, रोशनी के छोटे से हिस्से के केंद्र के इर्दगिर्द महसूस हुआ था। एक मिनट या कुछ अधिक समय में वह हाथ, अपनी मुड़ी हुयी अंगुलियों के साथ, फर्श से बाहर निकल आया। उसके बाद यह उतनी ही तेजी से वापस अंदर खींच लिया गया जितनी तेजी से यह प्रकट हुआ था, और फिर से सब तरफ अँधेरा था सिवाय उस एक मात्र नीलाभ चमक के जो पत्थरों के बीच में एक दरार का निशान बनाती थी।

हालांकि, इसका[39] गायब होना क्षणिक ही था। जोर से खींचने की, उखाड़ने की एक आवाज के साथ ही चौड़े, सफेद पत्थरों में से एक को घुमाकर एक तरफ रख दिया गया और एक चौकोर, खुला हुआ छेद नजर आने लगा जिससे होकर एक लालटेन की रोशनी बाहर आ रही थी। किनारे के ऊपर वहां एक सुसंस्कृत, लड़के जैसे चेहरेवाला, आदमी इसके चारों तरफ बहुत ही उत्सुकता से झांकते हुए दिखा, और फिर, छेद के दोनों तरफ अपने हाथ रखते हुए इसने खुद को कंधे तक की ऊँचाई और फिर कमर तक, उस ऊँचाई तक बाहर निकाला जब तक कि इसने अपना एक घुटना किनारे के ऊपर नहीं टिका लिया। दूसरे ही क्षण वह छेद के बगल में खड़ा था और अपने पीछे एक साथी को खींच रहा था, जो देखने में उसी की तरह कुलीन और छोटे कद का था, जिसका चेहरा पीला था और बाल संक्षोभकारी गहरे लाल रंग के थे।

"रास्ता साफ है।" वह फुसफुसाया, "तुम्हारे पास छेनी और थैले हैं न? हे भगवान[40]! ऊपर आओ, आर्ची, ऊपर आओ, और मैं इसके लिए झूम जाऊँगा।"

---

[39] हाथ का

[40] यहाँ खजाने को देखकर अचरज व्यक्त करते हुए 'हे भगवान' कहा गया है।

शरलॉक होम्स उछलकर बाहर आ चुका था और उसने घुस पैठिये को कॉलर से पकड़ लिया। दूसरा अन्य तेजी से छेद की खोह में नीचे कूद गया, और फिर जैसे ही जोन्स ने उस दूसरे वाले की स्कर्ट को पकड़ा मैंने कपड़े के फटने की आवाज सुनी। तभी रिवॉल्वर की नाल पर रोशनी चमकी, परन्तु होम्स का हंटिंग-क्रॉप उस आदमी की कलाई पर आ चुका था, और टन-टन की आवाज करते हुए पिस्तौल पत्थर की फर्श पर गिर गयी।

"कोई फायदा नहीं है, जॉन क्ले," होम्स ने मृदु लहजे में प्रसन्न होते हुए कहा, "तुम्हारे पास किसी भी तरह से कोई अवसर नहीं है।"

"तो मैं देखता हूं," उसने अत्यधिक रूखेपन से उत्तर दिया। "मेरा विचार है कि मेरा दोस्त सकुशल है, हालांकि मैं देखता हूँ कि तुम्हें उसके कोट का पिछला हिस्सा मिल गया है।"

"दरवाजे पर तीन आदमी उसके लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं," होम्स ने कहा।

"ओह, वाकई! प्रतीत होता है कि तुमने इस काम को पूरी तरह से अंजाम दिया है। मुझे तुम्हारी प्रशंसा करनी चाहिए।"

"और मुझे तुम्हारी," होम्स ने उत्तर दिया। "तुम्हारा लाल बाल वाला आईडिया बिलकुल नया और कारगर था।"

"तुम जल्द ही अपने मित्र को पुन: देखोगे," जोन्स ने कहा। "वह छेद से नीचे उतरने में मेरी तुलना में काफी तेज है। बस देखते जाओ, फिलहाल मैं तुम्हें हथकड़ियाँ पहनाता हूँ।"

जैसे ही हमारे बंदी की कलाइयों पर हथकड़ियाँ खड़खड़ाई, तो उसने कहा,"मैं विनती करता हूँ कि तुम अपने गंदे हाथों से मुझे नहीं छूओगे, शायद तुम यह नहीं जानते हो कि मेरी नसों में शाही खून है। इसलिए जब भी मुझसे बात करो तो हमेशा 'सर' व 'कृपया' कहकर सलीके से बात करो।"

"ठीक है," जोन्स ने उसे घूरते हुए और उपेक्षापूर्ण हंसी हंसते हुए कहा। "ठीक है, सर, क्या आप सीढ़ियों से ऊपर चलने का कष्ट करेंगे, ताकि वहां से महामहिम को थाने ले जाने के लिए हम बग्घी कर सकें।"

"यह ठीक है," जॉन क्ले ने शांत भाव से कहा। उसने कायदे से झुककर हम तीनों का अभिवादन किया और जासूस की अभिरक्षा में शांति से चुपचाप चल दिया।

"वाकई, मिस्टर होम्स," जैसे ही हम उनके पीछे तहखाने से निकले, मिस्टर मैरीवैदर ने कहा, "मैं नहीं जानता कि बैंक आपको कैसे धन्यवाद दे सकता है या आपका बदला चुका सकता है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि आपने बैंक-लूट के बहुत ही दृढ़संकल्पी प्रयासों में से एक, जो शायद ही कभी मेरे अनुभव में आया हो, का न केवल पता लगाया है साथ ही साथ उस प्रयास को बहुत ही उत्कृष्ट तरीके से विफल भी किया है।"

"मुझे भी मिस्टर जॉन क्ले के साथ अपने एक-दो हिसाब चुकता करने हैं।" होम्स ने कहा, "इस मामले में मेरे कुछ मामूली खर्चे हुए हैं, जिनके बारे में मैं आशा करूँगा कि बैंक मुझे पुनर्भुगतान कर देगा, लेकिन इसके अलावा मुझे इस अनुभव, जो कई तरीकों से अद्वितीय है, और लाल बाल वाले संघ के बहुत ही असाधारण वर्णन की सुनवाई करने, के द्वारा पर्याप्त रूप से भुगतान मिल गया है।"

***

सुबह तड़के बेकर स्ट्रीट में बैठे हम लोग ग्लास में व्हिस्की और सोडा ले ही रहे थे कि होम्स ने स्पष्ट किया, "देखो वॉटसन, यह शुरुआत से ही पूर्णतः स्पष्ट था कि संघ के विज्ञापन की वस्तुतः असाधारण, इस कार्यविधि और "विश्वकोष" की नकल तैयार करने, का एकमात्र सम्भावित उद्देश्य यह रहा होगा कि इस चमकते लाल बालों वाले गिरवी दलाल को हर रोज कुछ निर्धारित घंटों के लिए रास्ते से हटा दिया जाए। इस बात का प्रबंध करने का यह तरीका उत्सुकता पैदा करने वाला था लेकिन, वाकई, इससे बेहतर कोई और तरीका सुझाना मुश्किल होगा। निस्संदेह रूप से क्ले के शानदार दिमाग में यह तरकीब अपने सहअभियुक्त के बालों के रंग को देख कर आयी

थी। प्रति सप्ताह चार पौण्ड का भुगतान एक लालच था जो उसे[41] खींच लेता, और वे लोग जो हजारों का खेल खेल रहे थे उनके लिए यह मामूली धनराशि क्या चीज थी? कुछ भी नहीं! उन्होंने इसे विज्ञापन में दिया, एक बदमाश ने अस्थाई कार्यालय का काम लिया, तो दूसरा बदमाश, गिरवी दलाल जाबेज़ विल्सन को आवेदन करने के लिए उकसाता है, और इस तरह साथ-साथ मिलकर वे सप्ताह में हर सुबह उसकी[42] अनुपस्थिति को सुरक्षित करने का प्रबंध कर लेते हैं। उस समय जब मैंने यह सुना था कि उसका[43] सहायक आधे पारिश्रमिक के लिए काम कर रहा था, मेरे सामने सुस्पष्ट था कि उसके[44] पास गिरवी दलाल के यहाँ अपनी नौकरी को सुरक्षित करने के पीछे कोई मजबूत मकसद था।"

"लेकिन तुमने यह अनुमान कैसे लगाया कि उसका मकसद क्या था?"

"यदि घर में औरतें होतीं, तो मैं केवल एक अशिष्ट छल की बात का संदेह कर सकता था। हालांकि, यहां तो इस बात का प्रश्न ही नहीं था। इस आदमी का कारोबार छोटा ही था, और उसके घर में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिसके लिए इतनी विस्तृत तैयारी और इतना व्यय किया जाता, जितना वे कर रहे थे। तब यह कुछ ऐसा होगा जो घर से बाहर था। यह क्या हो सकता था? फिर मैंने उसके सहायक के फोटोग्राफी के शौक और बहाने से कोठरी में घुसे रहने की उसकी तरकीब, के बारे में विचार किया। वह कोठरी! वहां इस अनसुलझे सूत्र का अंत था। फिर मैंने इस रहस्यमय सहायक के सम्बन्ध में पूछताछ की और पाया कि मुझे लंदन के सबसे शांतचित्त और बहुत ही साहसी अपराधियों में से एक से निपटना था। वह कोठरी में कुछ कर रहा था- कुछ ऐसा काम, जिसे पूरा करने के लिए महीनों के लिए उसे दिन के कई घण्टों की आवश्यकता थी। यह क्या हो सकता था, एक बार फिर से मैंने विचार किया? मैं इस

---

[41] गिरवी दलाल को

[42] गिरवी दलाल जाबेज़ विल्सन की

[43] जाबेज़ विल्सन का

[44] जाबेज़ विल्सन के सहायक के

बात के अतिरिक्त और कुछ नहीं सोच सका कि वह किसी दूसरी बिल्डिंग तक जाने वाली सुरंग को तैयार कर रहा था।"

"जब हम लोग घटनास्थल पर दौरा करने गये थे, तो काफी हद तक मैंने इस बात को सही पाया था। मैंने अपनी छड़ी से पेवमेंट को ऊपर से ठकठकाकर तुम्हें अचरज में डाल दिया था। मैं यह सुनिश्चित कर रहा था कि तंग कोठरी को सामने से खींचा गया था या पीछे की ओर से। यह सामने की तरफ नहीं थी। फिर मैंने घंटी बजायी, और, जैसी मुझे आशा थी, उसके सहायक ने दरवाजा खोलकर हमें उत्तर दिया। हमारी पहले भी कुछ हल्की-फुल्की मुठभेड़ें हो चुकी हैं, लेकिन इससे पहले कभी हमारी आँखें इस तरह से नहीं टकराई थीं। मैंने मुश्किल से ही उसका चेहरा देखा था। ये उसके पाजामे के घुटने थे जिन्हें मैं देखना चाहता था। तुमने खुद भी गौर किया होगा कि यह कैसे फटे हुए, सिकुड़े हुए और धब्बेदार थे। यह उन खुदाई के घण्टों की कहानी बयान कर रहे थे। अब केवल एक बिन्दु रह गया था कि वे लोग किस चीज के लिए खुदाई कर रहे थे? फिर मैं कोने के इर्दगिर्द टहल कर गया और देखा कि 'सिटी एंड सबअर्बन बैंक' की कोबर्ग शाखा हमारे मित्र के परिसर से सटी हुयी थी। और तब मैंने अनुभव किया कि मैंने समस्या को हल कर लिया था। संगीत कार्यक्रम के बाद जब तुम घर चले गए थे, तो मैंने स्कॉटलैण्ड यार्ड पुलिस और बैंक निदेशकों के अध्यक्ष को बुलाया और जिसका परिणाम तुमने देख ही लिया है।"

"और तुम यह कैसे बता सके कि वे आज रात ही अपनी कोशिश करेंगे?" मैंने पूछा।

"जब उन्होंने अपने संघ कार्यालयों को बंद कर दिया, जो इस बात का संकेत था कि मिस्टर जाबेज़ विल्सन की उपस्थिति को लेकर उन्हें अब और परवाह नहीं थी- दूसरे शब्दों में, यह कि उन्होंने अपनी सुरंग पूरी कर ली थी। लेकिन यह जरूरी था कि वे इसका जल्द ही इस्तेमाल करें, क्योंकि इसका पता चल सकता था, या फिर बुलियन को वहां से हटाया जा सकता था। किसी अन्य दिन की तुलना में शनिवार का दिन उनके लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता था, क्योंकि (बैंक खुलने से पहले इस लूट का पता लगना संभव नहीं था) इसलिए भाग निकलने के लिए यह उन्हें दो दिन

का समय दे सकता था। इन सब कारणों से मुझे उम्मीद थी कि वे आज रात को ही आते।"

"तुमने खूबसूरत ढंग से इसका कारण बताया है।" मैंने सच्चे प्रशंसात्मक लहजे में कहा, "यह इतनी लम्बी श्रृंखला है, परन्तु फिर भी प्रत्येक कड़ी सटीक बैठती है।"

"इसने मुझे उबाऊपने से बचाया," उसने जम्हाई लेते हुए कहा। "अफ़सोस! मैं पहले से ही इसे[45] अपने ऊपर हावी होते हुए महसूस करता हूं। आम बातों के वजूद से बचने की एक लम्बी कोशिश में मेरा जीवन बीता है। ऐसी छोटी-छोटी समस्याएं *ऐसा करने में*[46] मेरी सहायता करती हैं।"

"और तुम मानव जाति के एक शुभचिंतक हो," मैंने कहा।

उसने अपने कंधे उचका दिए। "शायद, जो भी हो, यह कुछ ही महत्व देने योग्य बात है।" उसने टिप्पणी की। "जैसा कि गस्टाव फ्लोबेर्ट ने जॉर्ज सैंड को लिखा था - L’homme c’est rien—l’ œuvre c’est tout.[47]"

~समाप्त~

---

[45] उबाऊपने को

[46] आम बातों के वजूद से बचने की कोशिश में

[47] L’homme c’est rien—l’ œuvre c’est tout- फ्रांसीसी कहावत जिसका अर्थ है: आदमी कुछ नहीं है; उसका काम ही सब कुछ है।